कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा/माध्य/निप्र/नवाचार/प्रयास –2018/28 दिनांक : 02.02.18

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय

विषयः– परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु निदेशालय के तत्वावधान में निर्मित अभिनव कार्य योजना "प्रयास–2018" के प्रभावी कियान्वयन के सम्बन्ध में ।

प्रसंगः– समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांक : 18.01.18

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर के तत्वावधान में माध्यमिक परीक्षा – 2018 हेतु बोर्ड परीक्षा परिणाम में संख्यात्मक एवं गुणात्मक सुधार हेतु निर्मित अभिनव कार्य योजना "प्रयास–2018" की कियान्विति से सम्बन्धित निर्देश एवं समय सारिणी प्रेषित कर क्षेत्राधिकार में सुनिश्चित पालना हेतु निर्देशित किया जा चुका है। संदर्भित कार्य योजना के तहत माध्यमिक कक्षा के पाठ्यक्रमानुरूप निर्मित अपेक्षाकृत कठिन विषयों विज्ञान, गणित तथा अंग्रेजी अध्ययन–अध्यापन को आसान/रूचिकर बनाने वाली अध्ययन/शैक्षिक सामग्री की उपलब्धता प्रत्येक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में जरिए शाला दर्पण ("पीडीएफ फाइल" के रूप में) सुनिश्चित की जा चुकी है, जो कि विभाग की आधिकारिक वेब–साईट के लिंक http://education.rajasthan.gov.in/content/raj/education/secondary-education/en/awards/Prayas-2017.html पर भी उपलब्ध है।

कार्य योजना "प्रयास–2018" की पालना बावत् पूर्व प्रदत्त प्रासंगिक निर्देशों के अनुवर्तन में लेख है कि क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों को उक्त निर्देशों की समुचित पालना हेतु पाबन्द किया जाना सुनिश्चित करें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव,शासन सचिव,स्कूल शिक्षा विभाग,राजस्थान,जयपुर ।
2. समस्त मण्डल उपनिदेशक (माध्यमिक शिक्षा)को प्रेषित कर लेख है कि मण्डल क्षेत्राधिकार में कार्य योजना "प्रयास–2018" की समुचित पालना हेतु प्रभावी पर्यवेक्षण एवं सतत् प्रबोधन किया जाना सुनिश्चित करें ।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु ।
4. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा ।

www.rajteachers.com

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Scanned by CamScanner